# बाल विवाह रोकने को निकाली रैली



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आगामी तिथियों में विवाह एवं सामूहिक विवाह हो रहे है इन विवाहों में युवती की उम्र 18 वर्ष और युवक की उम्र 21 वर्ष होना चाहिए। यदि बाल विवाह कोई करता है तो यह अपराध की श्रेणी में होगा।

आने वाले विवाह के दिन अक्षय तृतीया पर बाल विवाह न हो इसके लिए महिला बाल विकास विभाग ने एक जागरूकता रैली निकालकर संदेश दिया है कि हर माता पिता का कर्तव्य है कि कच्ची उम्र में बच्चियों का विवाह न करें अन्यथा इसके दुष्परिणाम भी सामने आते है।

कल 26 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत- सुरलाखापा में एक्सेस-टू-जस्टिस परियोजना के अंतर्गत प्रदीपन संस्था जिला छिंदवाड़ा और महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्रीमती गूंजा उइके के मार्गदर्शन पर अक्षय तृतीया पर एक भी बाल विवाह ना हो इसके लिए ग्राम पंचायत- सुरलाखापा में बाल विवाह जागरूकता रैली निकाली गई, रैली के माध्यम से ग्राम के लोगों को बाल विवाह की जानकारी दी गई।

जिसमें बताया गया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करें। अगर आप तय आयु से कम उम्र में विवाह करते हैं तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत एक लाख तक का जर्मना एवं दो वर्ष तक की जेल हो सकती है।

जिसमें एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के सहयोग से प्रदीपन संस्था से जिला को-ऑर्डिनेटर रामनाथ उइके एवं सी.एस. डब्लू मनोज उइके, धीरेन्द्र कुमरे, मनोज इनवाती, रेखा मरावी एवं सुलाखापा एवं भूमका सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग से आशा कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कृषि विभाग ने खेत में किया नरवाई प्रबंधन तकनीक का प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नरवई जलाना अपराध है यदि जलाते हुए किसान पाऐं गए तो उनके खिलाफ जिला कलेक्टर द्वारा एफ.आई.आर. की जा रही है और किसानों को नरवई जलाने के कारण होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लगातार कृषि विभाग कृषि वैज्ञानिकों द्वारा समझाईश दी जा रही है साथ ही उनके निदान के बारे में भी प्रयोग कर कृषि विभाग किसानों को स्वयं मौजूद होकर प्रदर्शन कर बताया जा रहा है कि नरवई प्रबंधन कैसे किया जाता है।



इसी कड़ी में कल 26 अप्रैल 2025, दिन शनिवार को ग्राम हरनाखेड़ी में कृषक प्रदीपचंद चौरसिया के खेत में नरवाई प्रबंधन हेतु सब स्वायलर यंत्र द्वारा नरवाई प्रबंधन तकनीक का उपस्थित किसानों के समक्ष प्रदर्शन आयोजित किया गया। उपस्थित किसानों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रभात मिश्रा द्वारा किसानों को को नरवाई ना जलाने हेतु प्रेरित किया गया एवं उपस्थित कृषकों को नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई

तहसीलदार द्वारा उपस्थित कृषकों को नरवाई न जलाने हेतु कहा गया एवं इसके उपरांत भी यदि कृषक नरवाई जलाते हैं तो उनके ऊपर जुर्माना अधिररोपित किया जाएगा एवं पुलिस प्राथमिकी दर्ज की जाएगी ऐसा अवगत कराया गया।

इस प्रदर्शन तकनीक के समय विकासखंड चौरई के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रभात मिश्रा, तहसीलदार चांद सुश्री शोभना ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमेश पाटील, कृषि विस्तार अधिकारी सनोद मर्सकोले कृषक प्रदीप चौरसिया सहित ग्राम के अन्य कृषक उपस्थित रहे।

सार समाचार

## एक्टिंग वर्कशॉप के लिए अंतिम ऑडिशन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था एवं रंगमंडल नाट्यगंगा के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 मई से पैतालिस दिवसीय फिल्म एवं रंगमंच एक्टिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है जिसमें स्थान सीमित होने के कारण ऑडिशन के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। जिसके लिए आज रविवार 27 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और शाम 5 बजे से 8 बजे तक संत जोसफस्कूल, खजरी रोड के सामने स्थित नाट्यगंगा के ऑफिस में दूसरा एवं अंतिम ऑडिशन लिए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी नियत समय पर नाट्यगंगा ऑफिस आकर अपना ऑडिशन दे सकते हैं।

विदित हो कि विगत रविवार को भी इस वर्कशॉप के लिए ऑडिशन लिए गए थे जिसमें 73 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया था। चयनित प्रतिभागियों की सूची 29 अप्रैल को रंगमंडल द्वारा जारी की जाएगी और 1 मई से सुबह 7 बजे से 45 दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ की जाएगी। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्टेज एक्टिंग, कैमरा एक्टिंग, वॉइस एंड स्पीच, गीत एवं संगीत, नृत्य, मार्शल आर्ट्स, परंपरागत नृत्य आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यशाला में भोपाल, हरियाणा, मुंबई, बालाघाट आदि स्थानों से आने वाले सुप्रसिद्ध कलाकार प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यशाला के दौरान कुछ नाटकों को भी तैयार किया जाएगा जिनका मंचन कार्यशाला के दौरान तथा कार्यशाला की समाप्ति पर किया जाएगा। संस्था के सभी कलाकारों ने इच्छुक प्रतिभागियों से ऑडिशन में आने का निवेदन किया है।



## भाजपा कार्यालय, छिन्दवाड़ा में होगा पीएम के मन की बात का प्रसारण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय लालबाग रोड छिंदवाड़ा में रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर आवश्यक रूप से आयोजित किए जाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर माह मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद करते हैं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के 121 वे एपिसोड को सुनना और इसे जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 11 बजे होने वाले मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और आम जनमानस के साथ सुनने की व्यवस्था करें साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में इसकी सूचना दें और अधिक से अधिक लोगों को मन की बात कार्यक्रम से जोड़ें।

## प्यास बुझाने को खोली प्याऊ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर की धार्मिक, सामाजिक, सास्कृतिक व सेवा कार्यों मे निरंतर अग्रणी संस्था दिव्यम सेवा समिति द्वारा वैशाख, जेठ और अषाढ मास् की भीषण गर्मी मे आमजनों की प्यास बुझाने शीतल पेयजल की व्यवस्था गाडरवारा छीपा तिराहे पर प्याउ खोलकर जनसेवाकार्य किया है, इस अवसर पर समिति की प्रमुख श्रीमती सुषमा साहू, काजल, महेन्द्र कौरव मुन्ना लाल, राकेश, राहुल आदि सदस्यो की उपस्तिथि रही ।

# न्यायिक आयोग के गठन की मांग, सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला इकाई छिंदवाड़ा द्वारा प्रांतीय निर्देशानुसार न्यायाधीशों की न्यायिक जवाब दे ही सुनिश्चित किए जाने बाबत एक स्वतंत्र न्यायिक आयोग का गठन किया जाए एवं अन्य बिंदुओं पर आधारित एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौपा गया।

ज्ञापन के प्रमुख बिंदुओं में न्यायिक आचरण नियुक्ति एवं निगरानी अधिक पारदर्शी बनाए जाने हेतु कानून तत्काल लाया जाए, वर्तमान न्यायाधीशों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के तबादले के लिए नोटिस दिया जा सके।



यदि उनके परिवार के सदस्य करीबी रिश्तेदार संबंधित न्यायालय या अन्य अधीनस्थ न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में वकालत करते हैं उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों व उनके परिवार के सदस्यों की संपत्ति हर साल न्यायालयों की वेबसाइट पर अपलोड की जाए, प्रत्येक उच्च न्यायालय में अन्य उच्च न्यायालय के एक तिहाई न्यायाधीश होने चाहिए, साथ ही न्यायमूर्ति एम.एन. बैंक्रेट चेलिया द्वारा की गई सिफारिश को लागू किया जाए।

उक्त आशय का ज्ञापन अधिवक्ता परिषद जिला इकाई छिंदवाड़ा द्वारा डिप्टी कलेक्टर छिंदवाड़ा के माध्यम से प्रेषित किया गया।

ज्ञापन सौंपने हेतु प्रमुख रूप से अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष दिलीप धारा, एडवोकेट जिला महामंत्री पंकज चिखलकर, एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष संगीत श्रीवास्तव, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य निशांत गाड़ेंगे, बबन शिवारे, देवेंद्र वर्मा, विवेक धुमाल, दीनदयाल साहू, सुश्री मीरा राय, नमन मेश्राम, प्रवीण साहू एवं अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

# हाजियों का जिला चिकित्सालय में किया गया टीकाकरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल दिन शनिवार, 26 अप्रैल 2025 को मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें छिंदवाड़ा जिले के 115 हाजी उपस्थित हुए जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर जिला चिकित्सालय द्वारा बुकलेट में सील साइन कर हाजियों को दिया गया।



इस संबंध में जिला अध्यक्ष जनाब वारसी ने भी बताया की सऊदी गवर्नमेंट ने भारत सरकार को 175025 हाजियों का कोटा दिया है जिसमें से 70 प्रतिशत गवर्नमेंट कोटे से और 30 परसेंट प्राइवेट सेक्टर से हाजी यात्री यात्रा करेंगे।

जिला अध्यक्ष सूफी बाबा पीर मोहम्मद ने सभी हाजियों से देश राज्य और जिला की अमन और शांति कायम रखने के लिए दुआ की गुजारिश की है साथ ही हिंदुस्तान और सऊदी गवर्नमेंट के सभी नियमों का पालन करने के लिए भी कहा है इसमें मुख्य रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, अजहर मंसूरी, उपाध्यक्ष अमीन खान, मुस्तफा शाह, डॉक्टर इस्माइल अंसारी, साबिर पटवारी, मोहसिन भाई, कुरैशी मसब, खातिब साहब, इशरत मंसूरी और और वैक्सीन अधिकारी श्री साहू, एम.पी. यादव और जिला चिकित्सालय के अधिकांश पदाधिकारी उपस्थित रहे

# विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 26 अप्रैल 2025, दिन शनिवार को मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार के निर्देशन में सचिव राकेश सिंह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागड़े द्वारा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाश नगर छिंदवाड़ा में सालसा के मासिक कार्ययोजना अनुसार विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में नालसा नशा पीड़ितों के लिए विधिक सहायता योजना 2015 के अंतर्गत नशा पीड़ितों के लिए प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति नशे के दुष्प्रभाव से पीड़ित है एवं नशे की आदत से मुक्त होना चाहता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे व्यक्ति को नशामुक्ति केंद्र में प्रवेश दिलाने एवं अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करने में सहायता कर सकता है साथ ही साइबर अपराध के विषय में भी जानकारी दी गई।

शिविर में संस्था की प्राचार्य श्रीमती मनीषा मिश्रा, शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## जल पखवाड़े के अंतर्गत हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

नगर पालिक निगम के द्वारा जल पखवाड़ा जलाया जा रहा है और जल को बचाने उसे संरक्षित करने और उसका उपयोग कैसे करना है और जल है तो कल है कैसे साकार करना है इसके संबंध में विभिन्न प्रतियोगिताऐं कराई जा रही है। सहायक यंत्री नपानि जलप्रदाय विवेक चौहान ने बताया कि जल संरक्षण पखवाड़े के तत्वाधान में शा.म.ल.बा.क.उ. मा.वि. छिन्दवाड़ा में जल है तो कल है शीर्षक के अंतर्गत निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन प्ररियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

जिन में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। संस्था की प्राचार्य श्रीमति ए श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व शिक्षक परवीन मंसूरी, निहारिका शिवकर, गरिमा बत्रा, सीमा ठाकरे, राकेश चौरसिया, हेमंत भार्गव द्वारा विद्यार्थियों को जल का महत्व समझाया गया और जल को बचाने की प्रतिज्ञा ली गयी ।



शहर छिन्दवाड़ा के 48 वार्डो में भी जल गंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कुंआ, बावली, तालाब, सफाई कर जल संरक्षण के संबंध में कार्यक्रम आयोजित करजन जागरूकता फैलाई जा रही है जिसमें नगर पालिक निगम के कर्मचारी, अधिकारी अपने अपने जोन क्षेत्रों के वार्डो में पहुंचकर इस अभियान को जनप्रतिनिधि एवं पार्षदों की उपस्थिति में बता रहे है।

# आराधना उ.मा. विद्यालय ने किया उत्कृष्ट परिणाम पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया नगर के ह्रदय स्थल पर स्थित वार्ड नम्बर 12 बाजार चोक आराधना विद्यालय परासिया में अच्छे अंक पाने बाले विद्यार्थियों को कल 26 अप्रैल को मेडल, पेन, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

आराधना विद्यालय के प्राचार्य सैफ खान ने बताया विद्यालय में कक्षा 5 वी, 8 वी, 9 वी, 11 वी में अच्छे अंक पाने बाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

जिसमें कक्षा 5वी में श्वेता टेकाम 82 प्रतिशत, साजदा बानो 80 प्रतिशत, शेख मारूफ 79 प्रतिशत, माही उरेहा 79 प्रतिशत, कक्षा 8वी में देविका डेहरिया 83 प्रतिशत, प्रिया मालवी 77 प्रतिशत, रोहन परतेती 77 प्रतिशत, कक्षा 9 वी में रिया मालवी 83 प्रतिशत, शिवराज परते 81 प्रतिशत, आलिया अन्सारी 72 प्रतिशत, कक्षा 11 वी में इक्षा विश्वकर्मा 74 प्रतिशत, वसु भारती 57 प्रतिशत, हर्षि पटवा 56 प्रतिशत को सम्मानीय किया गया।

कार्यक्रम में बसन्त मालवी, सालिगराम राय, पूर्व प्राचार्य चन्द्रकांता जैन, पूर्व प्रधान पाठिका संध्या मालवी, शिक्षिका मधु नुनाहरिया, उच्च श्रेणी शिक्षिका मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित थे।



विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे जहां सभी अथितियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। सभी अथितियों ने शाला परिवार पालकगण बच्चों को बधाई शुभकामनाये एवं आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्राचार्य सैफखान ने किया।

# देश बचाया, अब संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस : खरे

## सांसद कुलस्ते पर लगाया गलतबयानी करने का आरोप

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंडला से भाजपा के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का ज्ञान सीमित व अल्प है, जिस तरह उन्होंने आदिवासियों को उग्रवादी कहा था ठीक उसी तरह छिन्दवाड़ा प्रवास के दौरान एक कार्यक्रम में कांग्रेस पर बाबा साहब का अपमान करने का निराधार आरोप लगा दिया। ना तो आदिवासी उग्रवादी है और ना ही कांग्रेस ने कभी बाबा साहब का अपमान किया है और न ही कभी करेगी। उक्त उदगार राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गुरूचरण खरे ने भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के बयान पर पलटवार करते हुए कहा।

गुरुचरण खरे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि श्री कुलस्ते उनकी पार्टी के केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में बाबा साहब को लेकर की गई कथित टिप्पणी को भूल गए, किन्तु जनता नहीं भूली। भाजपा सांसद अगर भूल गए तो उन्हें पुनः अपने मन व मस्तिष्क पर जोर देते हुए यह याद करना चाहिए कि अमित शाह ने बाबा साहब को लेकर कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

इसका सीधा अर्थ है कि भाजपा बाबा साहब से किस हद तक नफरत करती है कि उनका नाम लेने वाले व सुनने वाले फैशन वाले लोग नजर आ रहे। अमित शाह के इस बयान को देश की जनता ने खुली आंखों से देखा और अपने कानों से सुना है। किन्तु उम्मीद नहीं थी कि भाजपा के मंडला सांसद इतनी जल्दी यह सबकुछ भूल जाएंगे।



कांग्रेस को लेकर जो कहानी उन्होंने सुनाई वह पूरी तरह झूठ का पुलिंदा है, सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने मुंबई में अपने नेता एम.आर. जयकर को इस्तीफा दिलाकर वहां से बाबा साहब को खड़ा करवाया और विजयी होने पर सदन में पहुंचाया।

कानून निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर कांग्रेस की ही सरकार में कानून मंत्री बने। कांग्रेस की सरकार में ही बाबा साहब को सर्वश्रेष्ठ भारत रत्न का सम्मान दिया।

गुरुचरण खरे ने जारी बयान में आगे कहा कि कांग्रेस एक पार्टी नहीं बल्कि विचारधार है जिसने देश को आजाद कराया। भाजपा जिस तरह बाबा साहब का अपमान करने व उनके लिखित संविधान को मिटाने में जुटी है। किन्तु कांग्रेस लगातार बाबा साहब के मान, सम्मान व अभिमान के साथ ही संविधान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। श्री कुलस्ते और भाजपा के अन्य नेता केवल भाजपा की रचित एक झूठी कहानी को प्रचारित करने में जुटे हैं, ताकि अमित शाह के बयान पर सहानुभूति की माटी डाली जा सके।

**आदिवासी भाइयों को कहा था उग्रवादी**

श्री खरे ने अंत में कहा कि मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने 26 सितम्बर 2023 को म.प्र. के उमरिया जिले में अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत आदिवासियों को उग्रवादी कहा था, उनके इस बयान से आदिवासी समाज आज भी आक्रोशित है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए सतत व सजग रहने वाले भोले-भाले आदिवासी भाइयों को उग्रवादी कहने वाले भाजपा सांसद आरोप लगाने व झूठ बोलने में कितने माहिर होंगे।



## अमरवाड़ा में धूमधाम से मनाई सेन महाराज की जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा सेन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र राजू सराठे ने बताया कि आज नगर के हृदय स्थल जगत देव मंदिर में सेन समाज के आराध्य देव नंदाजी सेन महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में अमरवाड़ा सेन समाज के द्वारा बड़े ही धूमधाम से सेन जयंती मनाई गई जिसमे समाज के सभी लोगों के द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की आरती पूजन हवन किया गया। महिलाओ के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। विभिन्न सामाजिक एवं संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के पश्चात सभी को भोजन कराया गया।

इस कार्यक्रम में समाज के सभी वरिष्ट युवा एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुरषोत्तम सराठे, राजेंद्र राजू सराठे, नरेश सराठे, राजकुमार सराठे पटवारी, श्रीराम सराठे, नरेन्द्र माथुरिया, रमाकांत सराठे, नरेन्द्र सराठे, भीम बंदेवार, सचिन सराठे, नीलेश बंदेवार, सुरेन्द्र सराठे, आनंद सराठे, प्रदीप सराठे, प्रवीण सराठे, दिनेश सराठे, गोलू सराठे, आंनद सराठे, विनीत सराठे, नीलेश सराठे, रुप्पू सराठे, सुधीर सराठे एवं समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

### सार-समाचार

## परासिया नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज

**परासिया, देशबन्धु।** दो महिलाओं के बीच बातचीत की वॉइस रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया में वायरल करने को लेकर परासिया पुलिस ने शिकायत पर नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवीय के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है।



एस.डी.ओ.पी. जितेन्द्र सिंह जाट ने बताया कि बी.एन.एस. एवं आई.टी. एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया में वायरल वॉइस रिकॉर्डिंग को लेकर शिकायत होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की थी जिसमें मामला सही पाया गया है। पता चला है कि मामला 10 दिन पहले का है। नगर के भाजपा नेता अनुज पाटकर के परिवार की महिलाओं के बीच आपसी बातचीत की वॉइस रिकॉर्डिंग कर नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा सोशल मीडिया में वायरल की गई थी जिस पर पार्षद एवं भाजपा के जिला मंत्री अनुज पाटकर ने परासिया पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

## परासिया क्षेत्र में बेखौफ जारी है जुआ-सट्टा व शराब का अवैध कारोबार : वीर बहादुर

**परासिया, देशबन्धु।** भाजपा की सरकार में माफियाराज खूब फलफूल रहा है। राज्य व केन्द्र की भाजपा सरकार में जिले से तीसरा इंजन जुड़ने के जुआ, सट्टा व शराब का अवैध कारोबार पूरी गति से चल पड़े हैं, यह बात कांग्रेस के नेता अनेक मंचों से आंदोलनों में व ज्ञापन में व्यक्त कर चुकी है। परासिया विधानसभा क्षेत्र में खुलेआम अवैध कारोबार को भाजपा सरकार का संरक्षण प्राप्त है यह बात पूरी तरह से सत्य व प्रमाणजनक है, इसकी पुष्टि स्वयं भाजपा के मंडल अध्यक्ष के द्वारा कर दी गई है। उक्त उदगार जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से परासिया शहर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने व्यक्त किए।

वीर बहादुर सिंह ने जारी बयान में आगे कहा कि परासिया विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में अवैध कारोबार की जड़ों को मजबूत करने में भाजपा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरकार के इशारों पर पुलिस व प्रशासन मौन बैठा है। अवैध शराब की बिक्री, जुआ व सट्टा खुलेआम चल रहा, लेकिन मजाल है कि पुलिस कोई कार्रवाई कर पाए। परासिया के शिवपुरी से भाजपा मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल के द्वारा गत दिवस पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी को लिखित शिकायत दी गई है जिसमें उन्होंने साफ तौर पर उल्लेख किया है कि क्षेत्र में धड़ल्ले से देशी व विदेशी शराब की बिक्री हो रही फिर भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। इसीलिए मजबूरन उन्होंने अपनी ही सरकार के दीमक लगे हुए सरकारी सिस्टम पर सवाल खड़े किए साथ ही उच्च अधिकारियों को शिकायत दी किन्तु नतीजा आज भी सिफर है, क्योंकि पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से भाजपा के इशारों पर काम कर रहा और अवैध कारोबार को संरक्षण दे रहा है।

अवैध कारोबार जिस गति से जिले में बढ़ रहे उसे लेकर जिले के जिम्मेदार गम्भीर नहीं है। पुलिस व प्रशासन भाजपा के हाथों की कठपुतली बना हुआ है इसीलिये निरंतर कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही। जगह-जगह बिकती अवैध शराब, जुआ व सट्टा के बढ़ते कारोबार से अनेकों अनेक परिवार बिखर रहे है किन्तु पुलिस है कि पूरी तरह से मौन बनी हुई है। परासिया विधानसभा क्षेत्र के नगर, गांव व कस्बों से लेकर टोलों तक अवैध शराब बेची जा रही है जो वर्तमान व भविष्य दोनों के लिए ठीक नहीं है।श्री सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में कहा कि पुलिस व आबकारी विभाग इन अवैध कारोबार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें अन्यथा कांग्रेस बढ़ते अपराध व अवैध कारोबार के खिलाफ जनहित में आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस व प्रशासन की होगी।

## भाजपा सरकार की कर वृद्धि के खिलाफ मैदान में उतरी कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर की जनता को कर के बोझ से मुक्त कराने कांग्रेस का महा हस्ताक्षर अभियान लगातार जारी है। आमजन का समर्थन जुटाने लगातार वार्डों में पहुंच रहे कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता के वक्ताओं ने आमजन से कहा कि कांग्रेस के पार्षद दल द्वारा लगातार कर वृद्धि का विरोध किया गया बावजूद इसके भाजपा ने अपनी हठधार्मिता दिखाते हुए जनता पर जलकरए सम्पत्ति कर व स्वच्छता कर सहित अन्य कर में ब?ोत्तरी कर दी गई।

नगर के वार्ड क्रमांक 28 एवं 30 में पहुंचे शहर कांग्रेस व कांग्रेस पार्षद दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पहुंचकर भाजपा के द्वारा ब?ाए गए कर के खिलाफ समर्थन स्वरूप हस्ताक्षर कराए गए। कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आमजन से कहा कि भाजपा के द्वारा लगाए गए कर का सीधा असर जनता की जेब पर प? रहा है। ब? हुए कर से जनता को मुक्त कराने के लिए कांग्रेस का सतत अभियान संचालित हो रहा है जिससे जु?कर जनता लगातार अपना विरोध प्रगट कर रही है।



## युवाओं को धर्म से जोड़ने अनुष्ठानों की आवश्यकता : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वर्तमान परिस्थितियों और माहौल को देखते हुये युवाओं को धर्म से जोड़ने के लिए अनुष्ठानों की आवश्यकता है। धार्मिक अनुष्ठानों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से ही युवाओं को धर्म से जोड़ा जा सकता है।

यह बात श्रीराम जानकी मंदिर कनकधाम लोनीकला में समस्त रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ के कार्यक्रम के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कही।

उन्होंने समस्त रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित इस विशाल 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। इस दौरान कथा वाचक पूज्य कुलदीप महाराज द्वारा कार्यक्रम में मौजूद समस्त श्रध्दालुओं को विस्तार से कथा सुनाई गई।

## अवैध शराब पकड़ी, मामला दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे के निर्देशन में अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता आई.पी.एस. व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव के कुशल मार्गदर्शन में थाना नवेगांव पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर व आसूचना संकलन प्राप्त कर कार्रवाई की गई।



थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मड़काढाना मे आरोपी द्वारा अपने खेत मे बने कच्चे मकान के बाजू मे रखे गेंहू के भूसा मे विक्रय करने हेतु छुपाकर अधिक मात्रा मे रखी देशी एवं अंग्रेजी शराब कुल शराब 57.330 लीटर कीमती 43,560/- की जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 80/2025 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेन्द्र शाक्य, प्र.आर. 169 जयप्रकाश सैयाम, प्र.आर. 704 सीताराम नर्रे, म.प्र.आर. 336 शारदा बामने, आर. 1087 सोनू वरकड़े, आर.1089 रामकिशोर, आर. 900 रूमन, 1092 रूपेश, 382 अरूण यादव की अहम भूमिका रही ।

### पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नगर के स्टेडियम ग्राउंड में बच्चों मातृशक्ति युवाओं और बुजुर्गों ने कश्मीर में हुई घटना को लेकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। आतंकवादियों द्वारा काश्मीर में भारत के नागरिकों कि जिस कायरतापूर्ण ढ़ंग से हत्या की गई उसकी निंदा की गई। इस मोके पर बड़ी सख्या में वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार, एथलीट, वॉलीबॉल खिलाड़ी, हॉकी खिलाड़ी, समस्त कोच की उपस्थिति रही।

## सागर ठाकरे के खिलाफ ब्लाक पटवारी संघ अध्यक्ष ने की रिपार्ट

**मोहखेड़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ मोहखेड़ इकाई के अध्यक्ष दयाराम चौरिया ने मोहखेड़ थाना के अंतर्गत आने वाली चौकी उमरानाला में जाकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करवायी है कि 23 अप्रैल 2025 को घर लौटते समय रिंग रोड पर सागर ठाकरे पिता विनायक ठाकरे रात्रि 8 बजे रास्ता रोककर डराया, धमकाया और बेबुनियाद आरोप लगाते हुए कहा कि आप यहां क्यों जा रहे हो, रात में जमीन नाप रहे हो, मैं तुम्हें देख लूंगा और फर्जी वीडियो भी वायरल किया है।

दयाराम चौरिया ने आशंका जतायी है कि वह फील्ड में काम करते है और उनके साथ कोई हादसा भी हो सकता है। इसलिए ज्ञापन सौपकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करते हुए कहा है कि यदि कार्यवाही नहीं की गई तो पटवारी संघ आंदोलन करेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस आशय का ज्ञापन भी तहसीलदार मोहखेड़ को सौपा है और की गई चौकी में लिखित रिपोर्ट की प्रति भी दी है तथा पटवारी संघ ने तत्काल कार्यवाही की मांग की है।



## सांसद ने मरीज को दिलाई आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक मरीज को 30 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। इस राशि से मरीज का अस्पताल में बेहतर ईलाज हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुये बीमारीं के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने मुख्यमुंत्री श्री यादव को पत्र प्रेशित कर मरीज को ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

इसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान मद से उमरेठ के वार्ड नं. 14 निवासी सुनील पिता नानाजी कुशवाह को 30 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## नाबालिग छात्रा से की छेड़छाड़, शिक्षक गिरफ्तार

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोड़ी ग्राम में एक नाबालिक अनुसूचित जाति छात्रा के साथ कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षक शेख याकूब अंसारी ने इज्जत लेने की गरज से छेड़खानी की है।

अमरवाड़ा नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे और उप निरीक्षक पंकज राय ने जानकारी देते हुए बताया है कि नाबालिक अनुसूचित जाति छात्रा को शिक्षक 9 वी क्लास की कोचिंग पढ़ाते हैं और शिक्षक ने नाबालिक छात्रा को अपने घर इंग्लिश पढ़ाने के लिए बुलाते थे। शुक्रवार को टीचर ने बोला कि शनिवार को सुबह घर आ जाना और अंग्रेजी की किताब ले लेना जब नाबालिक शनिवार को सुबह बुक लेने के लिए टीचर के घर गई। तो मुझे टीचर ने घर के अंदर आने को बोला और घर के अंदर गई तो टीचर ने कहा कि बुक अंदर रखी है ढूंढ लो।

अंदर कमरे में किताब ढूंढने लगी परंतु नहीं मिली तब टीचर अयूब ने अंदर आए और बोले कि मैं तुम्हें चाहता हूं और बुरी नीयत से मेरा हाथ पकड़ कर अपनी और खींचने लगे मैं चिल्लाई और अपना हाथ छुड़ाकर घर के बाहर निकली। मेरी आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां आ गए। जिन्हें मैं अपनी घटना की बात बताई और मुझे चाचा ने घर ले जाकर छोड़ा फिर मैंने अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी।

मैं अनुसूचित जाति समाज से हूं और नाबालिग हूं। उसके बावजूद मेरे साथ छेड़खानी की और थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जहां पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ धारा बी.एन.एस. 74/75 लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम सहित अनुसूचित जाति जनजाति की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## सिंधु महिला समिति ने काले कपड़ों में कैंडल जलाकर जताया आक्रोश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 22 तारीख को पहलगाम में आतंकी हमला हिंदुस्तानियों के ऊपर किया गया उसके विरोध में 26 अप्रैल 25 को छिंदवाड़ा की सिंधु महिला समिति के द्वारा ब्लैक पहनावा धारण कर और कैंडल जलाकर आक्रोश व्यक्त किया गया एवं सर्व सिंधी समाज की ओर से इस आतंकी हमले की निंदा की गई।

आतंकवादियों के द्वारा यह अमानवीय हरकत की गई है इसके लिए प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से सर्व सिंधी समाज अपील करता है कि उन आतंकियों का सफाया किया जाए। इस अवसर पर उपस्थितों में संरक्षक नीलम डोडानी, सुरभि माधवनी, जया परसवानी, संगीता सुखेजा, अध्यक्ष मानसी डोडानी, उपाध्यक्ष रीत लालवानी, सचिव मानसी परसवानी, कोषाध्यक्ष गरिमा हरवानी और समिति के सभी मेंबर्स के साथ पूरा सिंधी समाज उपस्थित रहा।

